# सेरेब्रल पाल्सी

सेरेब्रल पाल्सी कुछ विकारों का एक समूह है जो संचलन और माँसपेशियों के तालमेल को प्रभावित करते हैं; यह रोग अमेरिका में बच्चों में गतिक अशक्तता का सबसे बड़ा कारण है। लक्षण काफ़ी अलग-अलग हो सकते हैं; हल्के मामलों में चलने-फिरने में मामूली मुश्किल होती है, वहीं अधिक गंभीर मामलों में विशेषज्ञ देखभाल की ज़रूरत पड़ती है।



## प्र: सेरेब्रल पाल्सी (CP) क्या है?

सेरेब्रल पाल्सी ऐसे तंत्रिकीय विकारों का एक समूह है जो माँसपेशियों के नियंत्रण और संचलन को कमज़ोर कर देते हैं। इसके लक्षण नवजात अवस्था से लेकर बचपन की शुरुआत में प्रकट होते हैं।

## प्र: CP क्यों होता है?

मस्तिष्क के असामान्य विकास के कारण या, जन्म से पहले, जन्म के दौरान या जीवन के शुरुआती कुछ वर्षों के दौरान विकासशील मस्तिष्क को पहुँचे नुकसान के कारण सेरेब्रल पाल्सी होता है।

CP के अधिकांश (85-95%) मामले जन्मजात होते हैं (यानी जन्म से पहले या जन्म के दौरान)। बहुत थोड़े-से मामले जन्म के दौरान ऑक्सीजन की कमी के कारण होते हैं, पर अधिकांश मामलों में उनका विशिष्ट कारण पता नहीं चल पाता है।

यदि CP जन्म से 28 दिन के अधिक बाद हो तो इसे एक्वायर्ड CP कहते हैं और यह आम तौर पर किसी संक्रमण (जैसे मेनिन्जाइटिस) या सिर की चोट से संबंधित होता है।

## प्र: CP के विभिन्न प्रकार क्या हैं?

सेरेब्रल पाल्सी को संचलन के उस मुख्य प्रकार के आधार पर श्रेणीबद्ध करते हैं जो इस रोग से प्रभावित हुआ होता है।

**स्पास्टिक सेरेब्रल पाल्सी** सबसे आम प्रकार का सेरेब्रल पाल्सी है जिसमें माँसपेशियों में कठोरता या कड़ापन आ जाता है। इसके लक्षण शरीर के प्रभावित भागों पर निर्भर करते हैं।

- **स्पास्टिक डाइप्लेजिया**: कूल्हों और दोनों पैरों की माँसपेशियों में कड़ापन आ जाने से पैर अंदर की ओर मुड़ने लगते हैं और घुटनों पर एक-दूसरे को क्रॉस कर जाते हैं, इसे ‘सिज़रिंग’ यानी कैंचीनुमा हो जाना कहते हैं।
- **स्पास्टिक हेमीप्लेजिया**: शरीर की एक साइड प्रभावित होती है, इसमें प्रायः पैरों की तुलना में बाँहें अधिक कमज़ोर हो जाती हैं।
- **स्पास्टिक क्वाड्रीप्लेजिया**: दोनों बाँहें, दोनों पैर, धड़ और मुँह व जीभ को नियंत्रित करने वाली माँसपेशियाँ प्रभावित हो जाती हैं। ये सबसे गंभीर मामले होते हैं; चलना-फिरना आम तौर पर संभव नहीं होता है और बौद्धिक अशक्तताएँ, दौरे और देखने, सुनने व बोलने की क्षमता से जुड़ी समस्याएँ भी हो सकती हैं।

**डिस्काइनेटिक सेरेब्रल पाल्सी**, जिसमें पेशी तान (टोन) में उतार-चढ़ाव आते हैं, हाथों, बाँहों, पैर के पंजों और पैरों को चलाने पर नियंत्रण को सीमित कर देता है। बच्चों को अपने शरीर पर, बैठ और चल सकने लायक नियंत्रण करना सीखने में भी कठिनाई हो सकती है। यदि चेहरे और जीभ की माँसपेशियाँ भी प्रभावित हुई हों, तो व्यक्ति को चूसने, निगलने और बोलने में भी कठिनाइयाँ हो सकती हैं।

**अटैक्सिक सेरेब्रल पाल्सी** संतुलन और तालमेल को प्रभावित करता है। इसके लक्षणों में शामिल हैं अस्थिर चाल और ऐसे संचलनों में कठिनाई जिनमें सटीक तालमेल ज़रूरी होता है, जैसे लिखना या कपड़ों के बटन लगाना-खोलना।

**मिक्स्ड सेरेब्रल पाल्सी** में व्यक्ति को एक से अधिक प्रकार के CP के लक्षण होते हैं; स्पास्टिक-डिस्काइनेटिक CP का संयोजन सबसे आम है।

## प्र: CP के संकेत क्या हैं?

किसी बच्चे को CP होने की संभावना के मुख्य संकेत इस प्रकार हैं: संचलन संबंधी विकास के पड़ावों, जैसे लुढ़कना, बैठना, खड़े होना और चलना, का देरी से आना।

बच्चे के जीवन के शुरुआती कुछ वर्षों में जो अन्य लक्षण प्रकट हो सकते हैं उनमें शामिल हैं माँसपेशियों की खराब तान (टोन), जोड़ों या माँसपेशियों में कड़ापन, बाँहों या पैरों में अनियंत्रित हरकतें, तालमेल और/या संतुलन का अभाव, निगलने में कठिनाई, माँसपेशियों में कठोरता, कंपन और सूक्ष्म गतिक कौशलों में कठिनाई।

## प्र: CP ग्रस्त बच्चे को और कौनसी स्थितियाँ प्रभावित कर सकती हैं?

CP के साथ जी रहे कुछ बच्चों को बौद्धिक अशक्तताएँ, दौरों के विकार, बढ़त और विकास में देरी, रीढ़ की हड्डी में टेढ़ापन (स्कॉलियोसिस), कमज़ोर नज़र, सुनने की क्षमता घटना, बोलने और भाषा से संबंधित विकार, मल-मूत्र रोक न पाना, अत्यधिक लार टपकना, दाँतों की समस्याएँ, हड्डियों का स्वास्थ्य बिगड़ना और सीखने में कठिनाइयाँ जैसी समस्याएँ भी हो सकती हैं।

## प्र: CP के होने की पहचान कैसे की जाती है?

चिकित्सक बच्चे की बढ़त और विकास पर नज़र रखते हैं; यदि CP का संकेत देने वाले लक्षण प्रकट होते हैं, तो विशिष्ट देरियों की पहचान और आकलन के लिए विकासात्मक जाँच की जाती है। स्क्रीनिंग के बाद, CP के प्रकार विशेष की पहचान के लिए विकासात्मक और चिकित्सीय मूल्यांकन किए जाते हैं। यदि

लक्षण हल्के हुए, तो संभव है कि रोग के होने की पुष्टि 4 या 5 वर्ष की आयु में जाकर हो पाए।

## प्र: CP का उपचार कैसे होता है?

हालाँकि फ़िलहाल CP का कोई इलाज नहीं है, पर इस विकार के प्रबंधन में, आत्मनिर्भरता बढ़ाने में और जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में कई लक्षण-विशिष्ट उपचार सहायता कर सकते हैं, जैसे दवाएँ, सर्जरी, ब्रेस और शारीरिक, व्यावसायिक, वाणी (स्पीच) और मनोरंजन चिकित्साएँ।

## प्र: क्या CP के लिए कोई क्लीनिकल परीक्षण चल रहे हैं?

हाँ। CP के वर्तमान परीक्षण ढूँढ़ने के लिए, ClinicalTrials.gov (https://clinicaltrials.gov) पर जाएँ, यह सार्वजनिक और निजी सहयोग वाले क्लीनिकल अध्ययनों की एक खोज-योग्य वेबसाइट है जिसे नेशनल इंस्टीट्यूट्स ऑफ़ हेल्थ की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ़ मेडिसन (https://www.nlm.nih.gov) संभालती है।

*स्रोत: सेंटर्स फ़ॉर डिसीज़ कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ न्यूरलॉजिकल डिसॉर्डर्स एंड स्ट्रोक।*

किसी से बात करनी है**?**

हमारे जानकारी विशेषज्ञ आपके प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उपलब्ध हैं।

सोमवार से शुक्रवार, सुबह 7 बजे से अर्द्धरात्रि 12 बजे (पूर्वी समयानुसार) तक टोल फ़्री नंबर 1-800-539-7309 पर कॉल करें।

या https://connect.paralysis.org/hi/send-us-your-question पर कॉल निर्धारित करें अथवा ऑनलाइन प्रश्न पूछें।

इस संदेश में निहित जानकारी आपको पक्षाघात और उसके प्रभावों के बारे में शिक्षित करने व सुविज्ञ बनाने के उद्देश्य से प्रस्तुत की गई है। इस संदेश में निहित किसी भी चीज़ का अर्थ चिकित्सीय निदान या उपचार के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए और न ही वह इसके लिए प्रयोग करने हेतु उद्दिष्ट है। इसका उपयोग आपके चिकित्सक या अन्य किसी योग्य स्वास्थ्य-देखभाल प्रदाता की सलाह के स्थान पर नहीं किया जाना चाहिए। यदि आपको स्वास्थ्य देखभाल संबंधी कोई प्रश्न पूछना हो तो कृपया शीघ्रता से अपने चिकित्सक या अन्य किसी योग्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को फोन करें या उनसे मिलें। कोई भी नया उपचार, आहार या तंदुरुस्ती कार्यक्रम आरंभ करने से पहले हमेशा अपने चिकित्सक या अन्य किसी योग्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से परामर्श करें। आपको कभी-भी इस संदेश में पढ़ी गई किसी चीज़ के कारण चिकित्सीय सलाह की अवहेलना नहीं करनी चाहिए अथवा उसे प्राप्त करने में विलंब नहीं करना चाहिए।

इस प्रकाशन को कुल $1,00,00,000 मूल्य के वित्तीय सहायता अनुदान के रूप में सामुदायिक जीवन-यापन प्रशासन (एडमिनिस्ट्रेशन फ़ॉर कम्युनिटी लिविंग, ACL), अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव सेवाएँ विभाग (यू.एस. डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विसेज़, HHS) की ओर से सहायता मिलती है जिसका 100 प्रतिशत वित्तपोषण ACL/HHS द्वारा किया जाता है। विषय-वस्तुएँ रचियता(ओं) द्वारा रचित हैं और आवश्यक नहीं कि वे ACL/HHS, या अमेरिकी सरकार के आधिकारिक विचारों को या उनके द्वारा विषय-वस्तुओं के समर्थन को दर्शाती हों।